2022 XI 23 | 0230 | Seat No. [ ][ ][ ][ ][ ]

Time : 2 Hours

**FIRST-TERM**

Subject Code

| H | 4 | 4 | 3 | 3 |
|---|---|---|---|---|

**HINDI LANG. II (CWSN)**

**Total No. of Questions : 40 (Printed Pages : 11) Maximum Marks : 40**

**सूचना :** (1) कुल 40 प्रश्न हैं।

(2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (1) अंक निर्धारित है।

(4) प्रत्येक प्रश्न के नीचे दिये गए चार विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अंत में पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

मेरा बचपन पोरबंदर में ही बीता। पोरबंदर से पिताजी राजस्थानिक कोर्ट के सदस्य बनकर राजकोट गए। उस समय मेरी उमर लगभग सात साल की होगी। मुझे राजकोट की ग्रामशाला में भरती किया गया। मैं मुश्किल से साधारण श्रेणी का विद्यार्थी रहा होऊँगा। ग्रामशाला से उपनगर की शाला में और वहाँ से हाईस्कूल में। यहाँ तक पहुँचने में मेरा बारहवाँ वर्ष बीत गया। मैं बहुत ही शरमीला लड़का था। पाठशाला में अपने काम से ही काम रखता था। घंटी बजने के समय पहुँचता और पाठशाला के बंद होते ही घर भागता।

1. पोरबंदर से पिताजी राजस्थानिक कोर्ट के सदस्य बनकर–

(क) जूनागढ़ गए

(ख) बांकानेर गए

(ग) राजकोट गए

(घ) सुदामापुरी गए

2. हाईस्कूल पहुँचने में गाँधीजी का कितना वर्ष बीत गया ?

(क) दसवाँ

(ख) ग्यारहवाँ

(ग) बारहवाँ

(घ) तेरहवाँ

3. उपर्युक्त पठित गद्यांश लिया गया है—

(क) प्रायश्चित पाठ से

(ख) नमक का दारोगा पाठ से

(ग) सदाचार का तावीज पाठ से

(घ) मेरा जन्म और बचपन पाठ से

निम्नलिखित गद्य अवतरण को पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

''मासिक वेतन तो पूर्णमासी का चाँद है, जो एक दिन दिखाई देता है और घटते-घटते लुप्त हो जाता है।''

4. उपर्युक्त कथन किसका है ?

(क) बदलू सिंह

(ख) मुंशी वंशीधर

(ग) बूढ़े मुंशी वंशीधर

(घ) पंडित अलोपीदीन

5. ऊपरी आय बहता हुआ स्रोत है, क्योंकि इससे :

(क) सदा प्यास बुझती है

(ख) सदा भूख मिटती है

(ग) सदा इच्छा बढ़ती है

(घ) सदा इच्छा घटती है

6. भगवतीचरण वर्मा को सम्मानित किया गया था—

(क) ज्ञानपीठ पुरस्कार से

(ख) पद्मभूषण पुरस्कार से

(ग) साहित्य अकादमी पुरस्कार से

(घ) हिंदी साहित्य अकादमी पुरस्कार से

7. पाटा पटकने की आवाज सुनते ही घटना-स्थल पर कौन पहुँची थी ?

(क) महरी

(ख) मिसरानी

(ग) रामू की माँ

(घ) उपर्युक्त सभी

8. रामू के लिए बनी खीर का कटोरा रखा गया—

(क) दरवाजे की देहली पर

(ख) कमरे के ऊँचे ताक पर

(ग) कमरे की खिड़की पर

(घ) कमरे के दरवाजे पर

9. विशेषज्ञों के अनुसार भ्रष्टाचार महाराज के—

(क) कपड़े में है

(ख) महल में है

(ग) सिंहासन में है

(घ) दरबार में है

10. राज्य के अखबारों में कैसी खबर छपी थी ?

(क) कुत्ता भी रोटी नहीं चुराता

(ख) तावीज बनाने का कारखाना खुला

(ग) साधु को जनरल मैनेजर का पद

(घ) साधु को तावीज बनाने का ठेका

11. ''वह सूक्ष्म है, अगोचर है और सर्वव्यापी है। ये गुण तो ईश्वर के हैं। तो क्या भ्रष्टाचार ईश्वर है।'' उपर्युक्त कथन किसके द्वारा कहा गया है ?

(क) दरबारी

(ख) विशेषज्ञ

(ग) राजा

(घ) साधु

12. लेखक विनोद रस्तोगी निवासी थे–

(क) आगरा के

(ख) कानपुर के

(ग) मेरठ के

(घ) अलीगढ़ के

13. पात्र-परिचय की दृष्टि से कौनसा विकल्प गलत है ?

(क) जीवनलाल एक धनी व्यापारी है

(ख) राजेश्वरी जीवनलाल की पत्नी है

(ग) कमला रमेश की पत्नी है

(घ) प्रमोद गौरी का भाई है

14. ''अगर तुम्हारा सामर्थ्य कम था तो अपनी बराबरी का घर देखते। झोपड़ी में रह कर महल से नाता क्यों जोड़ा।'' प्रस्तुत वाक्य किसने कहा है ?

(क) राजेश्वरी

(ख) रमेश

(ग) जीवनलाल

(घ) गौरी

'साँच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप।

जाके हृदय साँच है, ताके हृदय आप॥'

15. उपर्युक्त दोहा के अनुसार ईश्वर कहाँ रहता है ?

(क) हृदय में

(ख) अहंकारी हृदय में

(ग) सच्चे हृदय में

(घ) झूठे हृदय में

16. कबीर की भाषा को कहा गया है—

(क) अवधी

(ख) पंचमेल

(ग) सधुक्कड़ी

(घ) विकल्प (क) और (ख) दोनों को

17. 'केहि बिधि जितब बीर बलवाना।' पंक्ति में 'बीर बलवाना' किसको कहा गया है ?

(क) रावण

(ख) राम

(ग) विभीषण

(घ) हनुमान

18. तुलसीदास ने अपने काव्य का विषय बनाया है–

(क) कृष्ण भक्ति को

(ख) राम भक्ति को

(ग) निर्गुण भक्ति को

(घ) सगुण भक्ति को

19. 'अमल अचल मन त्रोन समाना।' शब्दार्थ की दृष्टि से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(क) अमल – मलरहित

(ख) अचल – गतिहीन

(ग) त्रोन – तरकस

(घ) उपर्युक्त सभी

20. 'तोड़ती पत्थर' कविता में किसका यथार्थ चित्रण है ?

(क) साम्यवादी व्यवस्था

(ख) पूँजीवादी व्यवस्था

(ग) श्रमिक वर्ग की असहाय स्थिति

(घ) उपर्युक्त (ख) और (ग) दोनों

21. 'तोड़ती पत्थर' कविता में धरती जल रही है –

(क) रुई की तरह

(ख) कागज की तरह

(ग) कपड़े की तरह

(घ) ऊन की तरह

22. कवयित्री बचपन में सूने घर को आबाद करती थी–

(क) मुस्कुराकर

(ख) किलकारी मारकर

(ग) किल्लोल मचाकर

(घ) विकल्प (ख) और (ग) सही हैं

23. श्रीमती सुभद्राकुमारी चौहान की रचनाएँ किस विकल्प में हैं ?

(क) हुँकार, उर्वशी

(ख) त्रिधारा, मुकुल

(ग) परिमल, गीतिका

(घ) कवितावली, दोहावली

24. माँ बचपन में कवयित्री को 'झाड़-पोंछकर चूम-चूम' सुखाती थी–

(क) गीले गालों को

(ख) गीले होंठों को

(ग) गीले हाथों को

(घ) गीले कपड़ों को

25. 'वीर कर्ण' नामक कविता के रचनाकार कौन हैं ?

(क) काशीनाथ सिंह

(ख) नामवर सिंह

(ग) दूधनाथ सिंह

(घ) रामधारी सिंह

26. 'वीर कर्ण' कविता में 'सब आँख बंद करके लड़ते हैं।'

(क) इस लोक में कीर्ति पाने के लिए

(ख) इस लोक में जय पाने के लिए

(ग) इस लोक में यश पाने के लिए

(घ) इस लोक में धन पाने के लिए

27. निम्नलिखित किस विकल्प में भाववाचक संज्ञा **नहीं** है ?

(क) अकेलापन

(ख) व्याकुलता

(ग) प्रतिष्ठित

(घ) दीनता

28. निम्नलिखित भाववाचक संज्ञा का सही विकल्प है–

(क) जमींदार

(ख) ठेकेदार

(ग) इंसानियत

(घ) बदतमीज

29. निम्नलिखित शब्दों में से परस्पर विशेषण शब्द का सही विकल्प **नहीं** है–

(क) विष–विषैला

(ख) वर्ष–वार्षिक

(ग) चिंता–चिंतन

(घ) जवाब–जवाबी

30. निम्नलिखित शब्दों में से परस्पर विशेषण शब्द का सही विकल्प है–

(क) सोना–सुनहरा

(ख) अपमान–अपमानित

(ग) व्यवहार–व्यवहारिक

(घ) उपर्युक्त सभी

31. निम्नलिखित विकल्प में विरुद्धार्थी शब्द **नहीं** हैं–

(क) जिंदा–मुर्दा

(ख) असली–नकली

(ग) अन्दर–बाहर

(घ) नम्र–विनम्र

32. निम्नलिखित किस विकल्प में विरुद्धार्थी शब्द हैं ?

(क) त्याग–त्यागी

(ख) अधिक–ज्यादा

(ग) नरम–गरम

(घ) धर्म–अधर्म

33. 'हृदय टूट जाना' मुहावरे का अर्थ है–

(क) घृणा करना

(ख) निराश होना

(ग) प्रसन्न होना

(घ) क्रोधित होना

34. निम्नलिखित रेखांकित मुहावरे के अर्थ के लिए उचित विकल्प चुनिए–

'अरे इतना रुपया तो आप लोगों के <u>हाथ का मैल है।</u>'

(क) दुविधा में पड़ना

(ख) तुच्छ वस्तु समझना

(ग) मुसीबत में पड़ना

(घ) उपयोग में लाना

35. निम्नलिखित किस वाक्य में अधिकरण कारक चिह्न का प्रयोग हुआ है ?

(क) लाखों रुपये का लेन-देन करते थे

(ख) बहू ने रामू के लिए खीर बनाई

(ग) दरबारियों ने भ्रष्टाचार मिटाने की योजना को पढ़ा

(घ) बाबूजी के कलेजे में घाव हो गया है

36. 'शाम को चार बजे कसरत के लिए जाना था।' इस वाक्य में कौनसा कारक है ?

(क) कर्ता

(ख) सम्प्रदान

(ग) अपादान

(घ) संबोधन

37. निम्नलिखित किस विकल्प में परस्पर समानार्थी शब्द हैं ?

(क) दशा-हालत

(ख) रोज-रोजाना

(ग) लाभ-हानि

(घ) आखिर-आखिरी

38. निम्नलिखित किस विकल्प में **सही** परस्पर समानार्थी शब्द **नहीं** हैं ?

(क) समीप-करीब

(ख) मूल्य-कीमत

(ग) छल-कपट

(घ) पहुँचना-पहुँच

39. निम्नलिखित किस शब्द में 'दुर्' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(क) दुर्दशा

(ख) दुर्व्यवहार

(ग) दुस्साहस

(घ) दुरावस्था

40. निम्नलिखित विकल्पों में से सही उपसर्ग शब्द चुनिए—

(क) अनीति

(ख) विश्वास

(ग) भ्रष्टाचार

(घ) सज्जन